हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 26 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .5 डिग्री

11 महिलाओं को पारंपरिक बाधाओं से आगे बढ़कर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया प्रेरित



12 किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध सरकार : श्याम



खबर संक्षेप

सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गत 24 सितंबर को रोहतक नेशनल हाइवे पर कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में जयपुर के हस्तीनापुर कॉलोनी निवासी अनिल शेखावत को गिरफ्तार किया है। उसकी कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। कसोला पुलिस ने 25 सितंबर को दर्ज किए गए मामले में नूंह के सिरोली निवासी रिशाल को तथा थाना सदर पुलिस ने 13 अक्टूबर को दर्ज मामले में यूपी के नंगला खाना निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है।

कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने वर्ष 1999 में दर्ज गैर इरादतन हत्या के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर 30 जून 2099 को गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था। इसके बाद से ही आरोपी रोहतक के रीटोली निवासी रविंद्र फरार चल रहा था। उसके खिलाफ दो बार गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए। दूसरी बार वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

मारपीट मामले के पांच आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। थाना खोल पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल के बयान पर पुलिस ने गत 21 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ति ने लाठी-डंडों से मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने नांगल जमालपुर निवासी संजय, युद्धिष्ठर, नरेश, राजस्थान के हुडिया कलां निवासी धर्मेंद्र व महेंद्रगढ़ के राता कलां निवासी हरगोविंद को गिरफ्तार किया है।

पीओ घोषित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। अदालत में चल रहे एक मामले में शादीपुर निवासी मनीष कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ, तो उसे पीओ घोषित कर दिया गया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। कोर्ट के आदेश पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

दहेज प्रताड़ना के मामले में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर दर्ज किए गए दहेज की मांग पर मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बार-बार काउंलिंग के बाद भी दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने गत 23 जून को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के गंडाला निवासी प्रवीन को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया।

महिलाओं ने दोपहर में विधि-विधान से सुनीं गणपति व चौथ माता की कथा

सुहागिनों ने किए सोलह श्रृंगार, करवाचौथ पर मांगी पति की लंबी उम्र, चांद के दीदार के साथ खोला व्रत



रेवाड़ी। करवाचौथ पर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हुए सुहागिनें। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। करवाचौथ पर माता की कथा सुनते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭| रेवाड़ी

सुहागिनों ने वीरवार को प्रेम व विश्वास का पवित्र पर्व करवाचौथ श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा और सांस्कृतिक व पारंपरिक लिबास में दोपहर से शाम तक गणपति व चौथ माता की कथा सुनीं तथा दिन में सूर्यदेव को अर्घ्य दिया, वहीं सुहागिनों ने रात को 8:15 बजे बाद निकले चांद का दीदार करके अर्घ्य दिया तथा छलनी में पति की चेहरा देखकर लंबी उम्र की कामना की। करवाचौथ के पर्व पर मुख्य बाजारों भी काफी भीड़ रही। साड़ियों , ज्वेलर्स तथा गिफ्ट शॉप पर महिलाओं की भीड़ लगी रही। सुहागिनों ने ब्यूटी पार्लरों पर मेकअप कराया। करवाचौथ के पर्व को लेकर पिछले एक सप्ताह से बाजारों व शॉपिंग मॉल्स में भीड बनी हुई है। महिलाएं साड़ियां, आभूषण व अन्य साज-सज्जा के सामान खरीदने में जुटी हुई थी। करवाचौथ पर्व को लेकर ज्वेलर्स ने जहां अलग-अलग डिजाइनों के गहनें बनाए थे, वहीं साड़ियों के शोरूम में भी आधुनिक डिजाइनों की साड़ियां पर मंगवाई गई। पिछले एक सप्ताह से बाजारों में काफी रौनक बनी रही। वीरवार सुबह से महिलाओं में करवाचौथ पर्व को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं ने व्रत रखा तथा सज संवर कर दोपहर बाद चौथ माता की कहानी सुनी।



महिलाओं ने बुर्जुगों व पति का आशीर्वाद लिया

इसके बाद व्रत रखने वाली महिलाओं ने बुर्जुगों व पति का आशीर्वाद लिया। रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। करवाचौथ महिलाओं के सजने संवरने का भी त्योहार है। इसलिए ब्यूटी पार्लरों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ रही। पार्लर संचालकों ने भी जमकर चांदी कूटी। सुहागिनों ने आकर्षक डिजाइनों की मेहंदी भी लगवाई। चूड़ियों की दुकानों में भी महिलाओं की काफी भीड़ रही। करवाचौथ के त्योहार के साथ ही हलवाईयों की दुकानों पर भी रौनक लौट आई।

शहर में कई जगह हुई सामूहिक पूजा

शहर के सेक्टर-1, सती कॉलोनी, कंपनी बाग व मॉडल टाउन सहित अनेक स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवाचौथ पर माता की पूजा-अर्चना की। सुहागिनें का कथा सुनने का क्रम देर शाम तक चलता रहा। कथा सुनने के बाद महिलाओं ने माता से पति की दीर्घायु की कामना की और एक-दूसरे को शुभकामनाएं भी दी।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी करवाचौथ की रौनक

ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने करवाचौथ के पर्व पर निर्जला उपवास रखकर पति की दीर्घायु की कामना की। कोसली, नाहड़, बावल व धारूहेड़ा में कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी के दिन करवाचौथ पर सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर बुजुर्ग महिलाओं से चौथ माता की कहानी सुनी। रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर पूजा की। पतियों ने अपने हाथों से उनका व्रत खुलवाया। बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि हिंदू धर्म में महिलाओं के लिए करवाचौथ व्रत का खास महत्व होता है। पति और पत्नी के बीच के प्रेम को दर्शाने वाला बेहद निष्ठा पूर्ण व श्रद्धा भाव से उपवास रखने का त्योहार है।



रेवाड़ी। करवाचौथ पर मेहंदी लगवाते हुए सुहागिनें। फोटो : हरिभूमि

पोक्सो एक्ट कानून बच्चों की सुरक्षा की ढाल: आशीष



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭| रेवाड़ी

नालसा के पैन-इंडिया सुरक्षित बचपन अभियान के तहत डीएलएसए की ओर से राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पोक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंच संचालन रीना यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष मंडल जेएमआईसी मौजूद थे। पोक्सो एक्ट कानून बच्चों की सुरक्षा की ढाल है। यह कानून कहता है कि 18 साल से कम उम्र के हर बच्चे का बचपन सुरक्षित रहना चाहिए। बच्चे गुड टच व बैड टस को सीखे। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह जानकार ही क्यों न हो, अगर असहज स्पर्श करे या मोबाइल पर अश्लील सामग्री भेजे तो चुप न रहे, तुरंत अपने शिक्षक, माता-पिता, 1098, 112 या नालसा हेल्पलाइन 15100 पर बताएं। न्यायालय और विधिक सेवा प्राधिकरण हर बच्चे के साथ खड़ा है। प्राचार्य विनोद यादव ने कहा कि पोक्सो एक्ट की जानकारी बच्चों के जीवन की सुरक्षा कवच बनेगी। स्कूल स्टाफ यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक छात्र तक यह संदेश पहुंचे। शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने कहा कि सुरक्षित बचपन ही सुरक्षित भारत की नींव है। नालसा की 2024 की चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज स्कीम और पोक्सो ई-बॉक्स जैसे प्लेटफॉर्म बच्चों को बिना डरे न्याय तक पहुंचाते हैं। स्कूल का प्रयास है कि कानून किताब से निकलकर बच्चों की भाषा में उन तक पहुंचे। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ सदस्य व सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 57 पर स्वास्थ्य विभाग का फोगिंग पर जोर



रेवाड़ी। जिले में इस वर्ष डेंगू-मलेरिया से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्कता बरत रहा है। सीजन में डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 57 पर पहुंच चुका है। स्वास्थ्य विभाग की ओर इस बार फोगिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। गत वर्ष के सीजन में अब तक डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 274 पर पहुंच गई थी। इस बार स्वास्थ्य विभाग का कच्छर जनित बीमारियों पर कंट्रोल है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी तहत डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के पूरे प्रयास किए जा रहे है। क्षेत्रों में फोगिंग कराई जा रही है, वही ठहरे हुए पानी में काला तेल व टेमीपास की दवा डाली जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम फील्ड विजिट के दौरान अब तक 1812547 घरों में लार्वा की जांच की जा चुकी है। वही लार्वा मिलने पर 2712 लोगों को नोटिस दिए जा चुके है। स्वास्थ्य विभाग की ओर निर्माणाधीन माजरा एम्स सहित अनेक क्षेत्रों में फोगिंग कराई गई।

अब तक यहां मिल चुके डेंगू के मरीज

डिप्टी सीएमओ व मलेरिया नोडल अधिकारी डा. जोगेन्द्र तंवर ने बताया कि जिले में अभी तक 57 डेंगू पॉजिटिव मरीज व 14 मलेरिया केस मिल चुके है। शहर में 24, मीरपुर सीएचसी के अर्न्तगत 12, बावल सीएचसी में 12, गुरावड़ा सीएचसी में 5 तथा खोल सीएचसी में 3 व नाहड़ सीएचसी के अर्न्तगत 1 डेंगू का केस मिल चुका है। सीजन में अब तक बुखार से पीड़ति 3391 लोगों के ब्लड सेंपल की स्लाइड तैयार की गई है।

ज्यादा से ज्यादा पेय पद्धार्थों का सेवन करें: डा. तंवर

डेंगू व मलेरिया बीमारियों से बचाव के लिए घर में आसपास साफ-सफाई रखे। ठहरे हुए पानी में काला तेल डालें। घरों के बर्तन, कूलर, पानी की टंकी व पशुओं की खेल की सफाई करते रहे, जिससे मच्छर का लार्वा न पनप सके। डेंगू व मलेरिया के लक्षण होने पर ब्लड की जांच कराकर डॉक्टर की सलाह पर ही दवाईयां ले। ज्यादा से ज्यादा पेय पद्धार्थों का सेवन करें। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रतिदिन घरों व अन्य स्थानों पर लार्वा की जांच कर रही है। बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को भी सतर्क रहने की जरूरत है।

-डा. जोगेन्द्र तंवर, जिला मलेरिया अधिकारी।

अवैध शराब तस्करी का फरार आरोपी काबू, दो दिन के पुलिस रिमांड पर

- कसोला थाना पुलिस ने गत 25 सितंबर को दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से 276 .69 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की थी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭| रेवाड़ी

अवैध शराब तस्करी और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कसोला थाना पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने गत 25 सितंबर को एक दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करने के मामले में आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रिशाल उर्फ रिशा निवासी गांव सिरोली जिला नूंह के रूप में हुई है। गत 25 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि आसलवास फ्लाईओवर के पास ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सुरक्षा को लेकर वाहन की जांच शुरू की। जब पुलिस टीम ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के केबिन और अन्य गुप्त हिस्सों की तलाशी ली, तो अंग्रेजी ब्रांड्स की 276.69 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। घटना के समय चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने शराब और वाहन को तुरंत कब्जे में ले लिया और आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी चालक।

पुलिस की गिरफ्त में मुख्य आरोपी

कसोला थाना पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त आरोपी ट्रक चालक रिशाल उर्फ रिशा निवासी गांव सिरोली जिला नूंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर 2 दिन का पुलिस रिमांड लिया है।

मौसम दिनभर हुई बारिश से शहर में हुए जलभरा, अनाजमंडी में खुले पड़ा बाजरा भीगा

बिजली की गड़गड़ाहट के साथ झमाझम बारिश ने कराया ठंड का अहसास





रेवाड़ी। वीरवार को हुई तेज बरसात से बावल रोड पर जमा हुआ पानी, बरसात से अनाजमंडी में भीगा बाजरा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭| रेवाड़ी

वीरवार सुबह से ही शहर में बरसात के बादल छाए रहे। दोपहर बाद बिजली की गड़गड़ाहट के साथ हुई झमाझम बरसात ने लोगों को ठंड का अहसास करा दिया। बरसात का दौर रुक-रुक कर देर रात तक जारी रहा। तेज बरसात ने अनाजमंडी में खुले में पड़ा सैकड़ों क्विंटल बाजरा भिगो दिया। बारिश से हुए जलभराव से शहर की तस्वीर बिगड़ गई, जिससे लोगों को सड़कों पर आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ी। बरसात से दिन के तापमान में करीब 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने से मौसम ठंडा हो गया। अगले एक-दो दिन तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है। वीरवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। दोपहर बाद अचानक आसमान में काली घटा छा गई और बिजली कड़कने के साथ झमाझम बरसात शुरू हो गई। शहर की सड़कों पर कई जगह पानी जमा हो गया और अनाजमंडी में खुले में पड़ा व्यापारियों का सैकड़ों क्विंटल बाजरा भीग गया। वहीं अनाजमंडी में फसल बेचने के लिए पहुंचे किसान ट्रैक्टरों पर तिरपाल ढकते नजर आए। शहर में शाम तक रुक-रुककर बारिश होती रही। बारिश के बाद अधिकतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस गिरकर 26.0 डिग्री पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी 3-4 दिन मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आसमान में बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

रात के तापमान में और कमी आ सकती है, जिससे सर्दी की शुरूआत हो जाएगी।

मंडी में कई क्विंटल बाजरा भीगा

इस समय बड़ी संख्या में किसान बाजरा बेचने के लिए अनाजमंडी में पहुंच रहे है। आवक अधिक होने के कारण बाजरा खुले में पड़ा हुआ था। खरीद व्यापारियों की ओर से की जा रही है। बारिश होते ही किसानों ने बाजरे को भीगने से बचाने के इंतजाम खुद ही करने पड़े। इसके बावजूद ट्रैक्टरों में लोड कई किसानों का बाजरा बारिश से भीग गया।

जलभराव के साथ कीचड़ में तब्दील हुई सड़कें

बारिश के बाद शहर के बाजार में पानी एकत्रित होने से जगह-जगह कीचड़ हो गया, जिससे त्योहारी सीजन पर दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ गया। त्योहारी सीजन में बाजार में महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। कीचड़ के कारण दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शहर में सीवर भी ओवरफ्लो हो गए, जिससे बारिश होते ही सड़कों पर गंदगी फैलने से लोगों का वहां से निकलना भी मुश्किल हो गया।

यादव सभा को निःशुल्क जांच कैंप व बैठक रविवार को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से एक नवंबर रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व बैठक का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एच आर यादव मेडिसन, डा. अनिल यादव हड्डी रोग, डा. प्रदीप यादव सर्जरी, डा. गौतम यादव नेत्र रोग, डा. अजीत सिंह यादव चर्म रोग व डा. कोमल यादव दंत रोग के मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। वही लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी की सेवाएं देंगे। प्रवक्ता ने बताया कि शिविर के बाद 11 बजे यादव कल्याण सभा की विशेष मीटिंग प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में 22 नवंबर को आयोजित किए जाने वाले वार्षिक उत्सव व प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'





'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।



'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।



'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब : मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक :** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद :** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले

पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल



बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।



मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो। किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती



सभी इमेज एआई

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।

तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.चीकू का मुंह बंद है। 2.चीकू की बी टाई का कलर अलग है। 3.चीकू के मैजिक स्टिक का निचला हिस्सा व्हाइट है। 4.कलरफुल एग के बीच वाले सर्किल का कलर अलग है। 5.चित्र में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 8.बाईं तरफ पर्दे में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

एसपी मीणा ने जारी की विशेष साइबर सुरक्षा एडवाइजरी

नंबरों से प्राप्त बैंक ट्रांजेक्शन संदेशों से न घबराएं : एसपी

केवल 'नो' लिखकर जवाब देने से मोबाइल हैक होने अथवा बैंक खाता खाली होने के दावे की तकनीकी पुष्टि नहीं हुई, संदिग्ध संदेशों पर प्रतिक्रिया देना ठगों को दे सकता है अवसर

साइबर अपराधी लोगों को डराकर या जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए मजबूर करके बनाते है धोखाधड़ी का शिकार : मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डिजिटल युग में साइबर अपराधी आमजन की मेहनत की कमाई हड़पने के लिए लगातार नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। इसी कड़ी में व्हाट्सअप पर बैंक खाते से पैसे कटने के फर्जी संदेश भेजकर लोगों को ठगी के जाल में फंसाने के प्रयासों को लेकर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिलावासियों के लिए विशेष साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अनजान नंबरों से प्राप्त बैंक ट्रांजेक्शन संबंधी संदेशों पर घबराकर कोई प्रतिक्रिया न दें तथा किसी भी संदिग्ध संदेश की सत्यता जांचे बिना उसमें दिए गए निर्देशों का पालन न करें। ऐसे बिछाते हैं साइबर अपराधी ठगी का जाल

एसपी ने बताया कि साइबर ठगी के इस संदिग्ध तरीके में अपराधी किसी अनजान व्हाट्सअप नंबर से संदेश भेजते हैं कि आपके बैंक खाते से एक निश्चित राशि काट ली गई है। इसके बाद संदेश में लिखा होता है कि यदि आपने यह ट्रांजेक्शन नहीं किया है तो तुरंत 'नो' लिखकर जवाब दें। ऐसे संदेशों का उद्देश्य व्यक्ति के मन में आर्थिक नुकसान का डर पैदा करके उसे जल्दबाजी में प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर करना होता है। जवाब मिलने के बाद साइबर अपराधी बातचीत आगे बढ़ाकर बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल करने, संदिग्ध फाइल डाउनलोड करवाने अथवा अन्य तरीकों से ठगी करने का प्रयास कर सकते हैं।

एसपी ने स्पष्ट किया कि केवल 'नो' लिखकर जवाब देने से मोबाइल हैक होने अथवा बैंक खाता खाली होने के दावे की तकनीकी पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, ऐसे संदिग्ध संदेशों पर प्रतिक्रिया देना साइबर ठगों को आगे धोखाधड़ी करने का अवसर दे सकता है।

साइबर ठगी से बचने के लिए सावधानियां



पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को सलाह दी है कि अनजान व्हाट्सअप नंबरों से प्राप्त बैंक संबंधी संदेशों पर 'यश' या 'नो' लिखकर प्रतिक्रिया देने से बचें। खाते से पैसे कटने की सूचना मिलने पर घबराने के बजाय अपने बैंक के आधिकारिक मोबाइल ऐप, नेट बैंकिंग या अधिकृत कस्टमर केयर के माध्यम से ट्रांजैक्शन की सत्यता जांचें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अनजान व्यक्ति की ओर से भेजी गई एपीके फाइल या अन्य एप्लिकेशन डाउनलोड न करें। अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक पासवर्ड तथा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। संदिग्ध नंबर को तुरंत ब्लॉक एवं रिपोर्ट करें।

डर और जल्दबाजी साइबर ठगों के हथियार

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि साइबर अपराधी अक्सर लोगों को डराकर या जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए मजबूर करके धोखाधड़ी का शिकार बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें और न ही कोई वित्तीय लेनदेन करें। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है तो बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

महिलाओं को लक्ष्यों की प्राप्ति पर किया प्रेरित

■ आईजीयू मीरपुर में महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं महिला अध्ययन केंद्र की ओर से भगिनी निवेदिता गर्ल्स हॉस्टल में महिला सशक्तिकरण का उत्सवः शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं अवसर विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता एवं समान अवसरों के महत्त्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक डा. मंजू पुरी ने किया। प्रो. रोमिका बत्रा ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए तथा मुख्य वक्ता प्रो. सोनू मदान डा. बीआर.अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली का परिचय कराया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व आईजीयू स्टाफ।

मोहा मन

मुख्य वक्ता प्रो. मदान ने शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को महिलाओं के विकास का मुख्य आधार बताया। उन्होंने महिलाओं को पारंपरिक बाधाओं से आगे बढ़कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र छात्राओं एवं महिला शिक्षकों की विभिन्न सांस्कृतिक एवं संवादात्मक गतिविधियों को समर्पित रहा, जिससे कार्यक्रम को एक जीवंत स्वरूप मिला। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. रश्मि पुंडीर ने सभी का आभार जताया। संगोष्ठी के आयोजन में महिला प्रकोष्ठ, महिला अध्ययन केंद्र तथा कार्यक्रम समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

ताइक्वांडो के मुकाबले कल अटेली कॉलेज में

मंडी अटेली।इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की अंतर-कॉलेज खेल प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में दीवाली अवकाश के चलते बदलाव किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार वुशु और ताइक्वांडो के पुरुष एवं महिला वर्ग के मुकाबले 31 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय अटेली में होंगे। विश्वविद्यालय खेल परिषद के अनुसार वुशु प्रतियोगिता सुबह 10 बजे और ताइक्वांडो प्रतियोगिता दोपहर एक बजे शुरू होगी। जिम्नास्टिक्स और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित रहेगा। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. अशोक कुमार यादव ने प्रतिभागियों और महाविद्यालयों से संशोधित कार्यक्रम के अनुसार तैयारियां सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

छात्रों को साइबर सुरक्षा पर दी जानकारी

■ अनजान लिंक, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल ब्लैकमेलिंग के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

साइबर थाना नारनौल की टीम ने ओडीएम इंटरनेशनल स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल ब्लैकमेलिंग से बचाव के तरीके बताए गए। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, पासवर्ड और यूपीआई पिन किसी से साझा नहीं करने तथा सोशल मीडिया पर निजी जानकारी और तस्वीरें साझा करने से बचने की सलाह दी। साथ ही फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, फोटो-वीडियो के दुरुपयोग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए तैयार किए जाने वाले डीपफेक वीडियो व आवाज की नकल से होने वाली धोखाधड़ी के प्रति भी सचेत किया। किसी संदिग्ध संदेश या वीडियो को सत्यापन के बिना आगे साझा नहीं करने की अपील की गई। टीम ने बताया कि ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। शिकायत से संबंधित स्क्रीनशॉट, चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखना भी जरूरी है।



महेंद्रगढ़। स्कूल में बच्चों को क्राइम से बचाव की जानकारी देती पुलिस।

अतिथि अध्यापक हो नियमितः अतरलाल



नारनौल। बहुजन समाज पार्टी ने हरियाणा सरकार से राज्य के सरकारी स्कूलों में वर्षों से सेवाएं दे रहे अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग की है। प्रदेश बसपा के वरिष्ठ नेता प्रमुख स मा ज से वी अतरलाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भेजे ज्ञापन में उक्त मांग उठाई है। अतरलाल ने कहा कि अतिथि अध्यापक करीब 20 सालों से सरकारी स्कूलों में सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं। वे स्थाई शिक्षकों की तरह स्थाई प्रकृति के सभी कार्य कर रहे हैं और उनकी नियुक्तियां भी 2005 से 2007 के बीच में सरकार की निर्धारित चयन प्रक्रिया के तहत हुई थी। हरियाणा अतिथि शिक्षक सेवा अधिनियम 2019 भी अतिथि अध्यापकों को 58 वर्ष तक सेवा जारी करने की सुरक्षा देता है। उन्होंने कहा कि आंदोलनरत अतिथि अध्यापकों की नियमित करने की मांग बिल्कुल जायज और कानून सम्मत है।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी ने शिविर में पंजाबी मार्केट से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिले में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में नागरिक अपनी शिकायतों का अधिकारियों से सीधे संवाद करते हुए समाधान करा सकते हैं। डीसी ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसपी हेमेंद्र मीणा व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं को सुना और उनका मौके पर समाधान किया। शिविर में गांव बोलनी में रास्ते के बीच में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित करने, शहर के पंजाबी मार्केट में रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण तथा मोहल्ला बल्लूवाड़ा में डिपो होल्डर की ओर से राशन न देने की शिकायत पर डीसी ने अधिकारियों को समाधान कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा समाधान शिविर में बिजली, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, प्रॉपर्टी आईडी व पुलिस विभाग आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर निदान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एएसपी दीपिका अग्रवाल, सीटीएम जितेंद्र कुमार व डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति हुई मजबूतः डॉ. कृष्ण

■ विधायक ने सुनी जनसमस्याएं, मौके पर समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

विधायक डा. कृष्ण कुमार ने वीरवार नागरिकों की जनसमस्याएं सुनीं। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और मांगें विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने का उद्देश्य उन्हें अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाना है। उन्होंने पात्र महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे योजना से संबंधित पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आता हैं। विधायक ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।



रेवाड़ी। नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए विधायक।

खिलाड़ी विश्व स्तर पर चमका रहे हरियाणा का नाम

विधायक ने क्षेत्र के खिलाड़ियों ने भी मुलाकात की। विधायक ने कहा कि सरकार की खेलों में उत्कृष्ट नीतियों और आधुनिक सुविधाओं के चलते हरियाणा के खिलाड़ी विश्व स्तर पर प्रदेश का नाम चमका रहे है। सरकार द्वारा गांवों में व्यायामशाला और खेल मैदान बनवाए जा रहे है ताकि युवा नशे आदि से दूर रहकर खेलों की ओर अग्रसर हो सकें।

गोकल गेट पुलिस ने पंजाबी मार्केट के पास लावारिस मिली बच्ची को परिजनों से मिलाया

रेवाड़ी। गोकल गेट चौकी पुलिस टीम ने एक मासूम बच्ची को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया है। परिजनों ने अपने बच्ची को सही-सलामत पाकर पुलिस का आभार जताया। बुधवार शाम करीब 6:30 बजे इ्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पंजाबी मार्केट के पास एक 3 साल की बच्ची लावारिस हालत में घूमती दिखाई दी। पुलिस ने बच्ची को तुरंत अभिरक्षा में लिया। बच्ची अत्यंत छोटी होने के कारण अपने घर का पता बताने में असमर्थ थी। तत्पश्चात बच्ची को पुलिस चौकी लाया गया और पुलिस ने आसपास के इलाकों में परिजनों की तलाश शुरू की। पूछताछ और स्थानीय नेटवर्क की मदद से पुलिस टीम को जानकारी मिली कि बच्ची वार्ड नंबर-4 नजदीक नसियाजी चौक की रहने वाली हैं। पुलिस ने तुरंत बच्ची के परिजनों से संपर्क किया। बच्ची की मां ने बताया कि बुधवार शाम को उनकी बेटी बाजार में सामान खरीदते वक्त उनसे बिछड़ गई थी। उन्होंने उसकी अपने स्तर पर भी काफी तलाश की। पुलिस ने बच्ची को सकुशल उसके परिजनों के हवाले किया। बच्ची को सही-सलामत देखकर परिजनों ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया।



पांच दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को मिलेगी वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रशिक्षार्थी जिला उद्यान अधिकारी से करें संपर्क

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षार्थी अपने संबंधित जिला उद्यान अधिकारी, उद्यान विकास अधिकारी तथा उद्यान प्रशिक्षण संस्थान उचानी करनाल में कार्य दिवस में प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। किसी भी प्रकार की सहायता या संपर्क के लिए मोबाइल नंबर 8570077877 तथा टोल फ्री नंबर 18001802021 पर संपर्क किया जा सकता है।

हरियाणा सरकार के बागवानी विभाग के अंतर्गत उद्यान प्रशिक्षण संस्थान, उचानी करनाल की ओर से नवंबर माह में विभिन्न विषयों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि किसान वैज्ञानिक तरीकों से खेती कर अपनी आय बढ़ा सकें। राज्य के सभी जिलों के इच्छुक प्रशिक्षार्थी उद्यान विभाग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उद्यान विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी अनिवार्य है तथा प्रशिक्षियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीकृत प्रशिक्षार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पास बुक और पैन कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज लेकर आने होंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के ठहरने व खाने की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क रहेगी तथा उन्हें बस किराया डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो प्रशिक्षार्थी पूर्व में इन विषयों पर प्रशिक्षण ले चुके हैं, वे पुनः उन्हीं विषयों पर अपना पंजीकरण न कराएं। उन्होंने बताया कि 2 से 6 नवंबर तक फल व सब्जियों में प्रसंस्करण परिरक्षण एवं मूल्यवर्धन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (अवधि 5 दिन, सीटों की संख्या 40) और नर्सरी मैनेजमेंट एज पर एचएचएन रूल्स-2026 (अवधि 5 दिन, सीटों की संख्या 20) का आयोजन होगा।

सर्दी शुरू होते ही बढ़ी चोरी की वारदातें, मुर्गी फार्म में चोरी से हलचल

मंडी अटेली। नेशनल हाईवे मार्ग पर गोकलपुर खेल मैदान के समीप स्थित बेगपुर के सरपंच रणबीर के मुर्गी फार्म पर चोरों ने सेंध लगाकर ट्रैक्टर की बैटरी, गैस सिलेंडर और चूल्हा चोरी कर लिया। चोरी की घटना से क्षेत्र के किसानों में रोष है। किसानों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। अटेली थाने में दी शिकायत में बेगपुर निवासी राजेश यादव ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात्रि अज्ञात चोर मुर्गी फार्म पर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी निकाल ले गए। इसके अलावा स्टोर रूम में रखा गैस सिलेंडर और चूल्हा भी चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 13 हजार रुपये बताई गई है। फार्म पर इससे पहले भी चोरी की घटना हो चुकी है। करीब दो माह पहले यहां ट्यूबवेल से 200 फुट केबल, गुटके और 11 नोजल चोरी कर लिए गए थे।

बाल विज्ञान कांग्रेस में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए वैज्ञानिक नवाचार

■ प्रतियोगिता में 60 सरकारी व निजी स्कूलों की टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहीद दीन दयाल सीएम ईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मसानी में 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य डा. नम्रता सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 60 सरकारी एवं निजी विद्यालयों की जूनियर एवं सीनियर वर्ग की टीमों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक परियोजनाओं, रचनात्मक विचारों और नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक संतोष तंवर मुख्य अतिथि तथा जिला विज्ञान विशेषज्ञ रेनू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अनीता रहीं, जबकि मनोज ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीपीसी तंवर ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, जिज्ञासु बनने तथा दैनिक जीवन की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रेनू ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस विद्यार्थियों को अपने परिवेश का वैज्ञानिक अध्ययन करने, स्थानीय समस्याओं को पहचानने और उनके समाधान प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। प्राचार्य डा. सचदेवा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में प्रश्न पूछने, तर्क करने, प्रयोग करने और समस्याओं के समाधान खोजने की क्षमता विकसित करना भी है।



रेवाड़ी। विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथि।

विजेता टीमें राज्य स्तर प्रतियोगिता में लेंगी भाग

प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्गों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चयनित विजेता टीमें आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। मंच के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, नए विचार साझा करने और अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों से सीखने का अवसर मिला। जिले में पहली बार आयोजित अधिवेशन ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

सेवा भारती ने करवा चौथ को बनाया यादगार



नारनौल। महिला स श क्ति क र ण, स्वा व लं ब न, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता के उद्देश्य को लेकर सेवा भारती शाखा (हरियाणा प्रांत) के तत्वाधान में जेपी ज्वेलर्स में निःशुल्क मेहंदी कैंप का आयोजन किया गया। करवा चौथ के पावन अवसर पर आयोजित इस विशेष कैंप में शहर सहित ग्रामीण अंचल से सैकड़ों बहन-बेटियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और निःशुल्क मेहंदी लगवाई। इस आयोजन ने करवा चौथ के त्योहार को और भी यादगार बना दिया। कैंप की सबसे खास बात यह रही कि मेहंदी लगाने वाली सभी युवतियां सेवा भारती की ओर से ही प्रशिक्षित थी। संस्था की ओर से प्रशिक्षित रितु, उर्मिला, अनु आदि बहनों ने बड़े ही सेवा भाव और हर्षोल्लास के साथ सभी महिलाओं को सुंदर मेहंदी लगाई। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम में अंजू अग्रवाल, सविता यादव, मीरा, सोनू, मीनाक्षी, प्रियंका, सुनीता सैनी, मीना, रिचा, ज्योति सहित सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सेवा भारती के पदाधिकारी जयप्रकाश, शिवकुमार यादव, विजय यादव, अशोक सिंगला, अश्वनी कटारिया सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने प्रशिक्षित बहनों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि सेवा भारती भविष्य में भी ऐसे जनसेवा के कार्य करती रहेगी।

जिला पुलिस ने कुंड के विवेकानंद स्कूल में विद्यार्थियों को सिखाए ऑनलाइन सुरक्षा के गुर

सोशल मीडिया व ऑनलाइन गेमिंग से बढ़ा साइबर खतरा : चरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से आमजन व युवाओं को डिजिटल अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वीरवार को साइबर थाना पुलिस टीम ने गांव कुंड स्थित विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर साइबर थाने से एएसआई चरण सिंह ने टीम के साथ शिक्षकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। एएसआई चरण सिंह ने कहा कि आधुनिक डिजिटल युग में सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, ई-कॉमर्स और बैंकिंग प्लेटफॉर्म्स का उपयोग तेजी से बढ़ा है, जिसके साथ साइबर जोखिम भी बढ़े हैं। उन्होंने पासवर्ड एवं अकाउंट सुरक्षा दिवस को लेकर उपयोगकर्ताओं की ओर से की जाने वाली सबसे आम और घातक चूक पर प्रकाश डाला। एएसआई ने कहा कि अधिकांश लोग याद रखने की सुविधा के लिए अपनी ईमेल आईडी, फेसबुक, इंस्टाग्राम, नेट बैंकिंग और अन्य ऑनलाइन एप्स पर एक जैसा ही पासवर्ड सेट कर लेते हैं। जब किसी भी एक सामान्य वेबसाइट या ऐप पर डेटा लीक होता है, तो साइबर अपराधी वहां से मिले यूजरनेम और पासवर्ड की सूची को ऑटोमेटेड टूल्स के जरिए अन्य सभी लोकप्रिय प्लेटफॉर्म्स पर आजमाने लगते हैं। यदि आपने हर जगह एक ही पासवर्ड रखा है, तो एक खाता कंप्रोमाइज होते ही आपके बैंक खाते, सोशल मीडिया प्रोफाइल और निजी ईमेल तक अपराधी तुरंत पहुंच बना लेते हैं। अद्वितीय और जटिल पासवर्ड का निर्माणः प्रत्येक अकाउंट के लिए अलग पासवर्ड बनाएं। पासवर्ड में न्यूनतम 8 से 12 कैरेक्टर, अपरकेस व लोअरकेस लेटर्स, संख्याएं और स्पेशल कैरेक्टर्स (@, #, $, आदि) का संयोजन अवश्य रखें। अपना नाम, जन्मतिथि या मोबाइल नंबर पासवर्ड में कभी न रखें। टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशनः अपने व्हाट्सएप, जीमेल, इंस्टाग्राम और अन्य सभी वित्तीय खातों पर 2 फेक्टर अनिवार्य रूप से चालू रखें।



रेवाड़ी। शिक्षकों व विद्यार्थियों का जानकारी देते हुए पुलिस टीम। फोटोः हरिभूमि

संदिग्ध एपीके को न करें डाउनलोड

अज्ञात लिंक व अढड फाइल्स से दूरीः व्हाट्सएप, टेलीग्राम या एसएमएस पर आने वाले संदिग्ध लॉटरी, फ्री रिचार्ज, जॉब ऑफर या अज्ञात एपीके फाइलों को कभी डाउनलोड या ओपन न करें। ओटीपी, पिन व सीवीवी की गोपनीयताः बैंक अधिकारी या पुलिस बनकर आने वाली कॉल्स पर कभी भी अपना ओटीपी, डेबिट कार्ड का पिन या सीवीवी साझा न करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी हो जाती है, तो बिना समय गंवाए गोल्डन ऑवर के भीतर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या भारत सरकार के अधिकृत पोर्टल साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज कराएं।



रेवाड़ी। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा। फोटो: हरिभूमि



रेवाड़ी। सोलो डांस करते हुए छात्रा। फोटो: हरिभूमि





प्रतियोगिताओं में 7 सरकारी सहित 38 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

बाल भवन में आज क्लासिकल सोलो , सोलो डांस, बेस्ट ड्रामेबाज वन एक्ट प्ले तथा थाली-कलश डेकोरेशन प्रतियोगिताएं होंगी

बच्चों ने स्केचिंग व मेहंदी प्रतियोगिता में दिखाई कला, सोलो डांस में मंच पर थिरके कदम

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एडीसी राहुल मोदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी



रेवाड़ी। प्रतियोगिता में स्केच बनाते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



सोलो डांस करते हुए छात्रा।





जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में मनाए जा रहे बाल महोत्सव के पांचवे दिन बच्चों ने अनेक विधाओं में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एडीसी राहुल मोदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। बाल महोत्सव में विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और सोलो डांस प्रथम व द्वितीय वर्ग, स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट चतुर्थ वर्ग तथा मेहंदी रचाओ प्रतियोगिताओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। सोलो डांस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों, भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध नृत्य के माध्यम से दर्शकों का मन मोहा, वहीं, स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट प्रतियोगिता में कल्पनाशीलता, चित्रकला कौशल और रचनात्मक अभिव्यक्ति का परिचय दिया। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक डिजाइनों माध्यम से प्रतिभा को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिताओं में 7 सरकारी विद्यालयों सहित 38 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि एडीसी मोदी ने कहा कि बाल महोत्सव की प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए जीवन में आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। बच्चों को बाल भवन के मंच का सदुपयोग कर इस अवसर का पूरा लाख उठाना चाहिए तथा इसे अपनी कला व हुनर का निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम मानना चाहिए। प्रतियोगिताओं में मनमाफिक परिणान नहीं मिलने पर निराश होने की बजाय उससे सीख लेकर भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के प्रयास करने चाहिए। बच्चे निरंतर मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर जीवन में सफलता की नई ऊंचाईयों को छू सकते है। एडीसी ने जिला बाल कल्याण परिषद के प्रयासों की सराहना की और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

ये रहे पांचवे दिन की प्रतियोगिताओं के रिजल्ट

⏭सोलो डांस प्रथम वर्ग: देवयानी आरपीएस स्कूल हांसाका प्रथम, अवनी समर वैली पब्लिक स्कूल द्वितीय व जानवी, देवश्री, लावण्या, खनक ठाकुर और शुभांगी जैन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं माही, हिनाया, सिरिजिनी दास, आकृति, रुहानी और मिहा को सांत्वना पुरस्कार मिला।

⏭सोलो डांस द्वितीय वर्ग: गरिमा आरपीएस स्कूल हांसाका ने प्रथम, ऐश्वर्या सैनी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और कायरा राव आरपीएस स्कूल बीएमजी व हाना जैन पब्लिक स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि यशिका, यश, भानवी, हिमांशी, नव्या भारद्वाज, गुंजन, मन्नत, अर्पणा, यशिका योगी और संध्या को सांत्वना पुरस्कार मिला।

⏭स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट चतुर्थ वर्ग: प्रिंस कैनाल वैली स्कूल ने पहला, मुस्कान रापरी आरपीएस स्कूज ने दूसरा तथा नैना पीएमश्री जीएसएसएस स्कूल खोरी व चेष्टा न्यू होरिजन पब्लिक स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि यश कुमार, आदर्श, जिया, रिया, रशिका, श्वेता, नीतिका, यशिका, शालू, रश्मि और अनिका को सांत्वना पुरस्कार मिला।

⏭मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता तृतीय वर्ग: दीक्षिता आरपीएस स्कूल ने पहला, रितिका केरला पब्लि स्कूल ने दूसरा और रिया आरडीआर स्कूल तिहाड़ा ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं खुशी, अदिति, साक्षी, कोमल, अक्षिता, भव्या, रितिका, निशा, सृष्टि यादव, सायना, काम्या, इशिका और जिया ने सांत्वना पुरस्कार जीता।

⏭मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता चतुर्थ वर्ग: खुशी शर्मा गवर्नमेंट स्कूल धारूहेड़ा ने प्रथम, वस्वी शर्मा अरपीएस स्कूल ने द्वितीय तथा शेफाली केरला पब्लिक स्कूल व दिव्या पीएमश्री गवर्नमेंट स्कूल खोरी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि आलिया, तन्वी, साक्षी और समीक्षा को सांत्वना पुरस्कार मिला।

आज बाल महोत्सव में होंगी ये प्रतियोगिताएं

जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि दिनांक 30 अक्टूबर को बाल महोत्सव के अंतर्गत क्लासिकल सोलो डांस चतुर्थ वर्ग, सोलो डांस तृतीय व चतुर्थ वर्ग, बेस्ट ड्रामेबाज द्वितीय वर्ग, वन एक्ट प्ले-थियटर प्ले चतुर्थ वर्ग तथा तृतीय व चतुर्थ वर्ग की थाली-कलश डेकोरेशन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें अपनी कला, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में बलजीत यादव सदस्य बाल कल्याण समिति, दीपा भारद्वाज आजीवन सदस्य, कुष्मिंद्र यादव मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी फरीदाबाद, पिंकी दलाल कार्यक्रम अधिकारी बाल भवन, अजमेर गोदारा पीओ आस्था कुंज व रोशनी सुपरवाइजर सहित बाल भवन के सभी कर्मचारी व विभिन्न स्कूलों के शिक्षक उपस्थित थे।

इंटर-कॉलेज खेल प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में बदलाव

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की ओर से घोषित अंतर-कॉलेज खेल प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। विश्वविद्यालय खेल परिषद ने बताया कि दीवाली अवकाश को ध्यान में रखते हुए वुशु और ताइक्वांडो पुरुष एवं महिला वर्ग की प्रतियोगिताओं की नई तिथियां निर्धारित की गई हैं। खेल निदेशक डा. अशोक कुमार यादव ने कहा कि यह बदलाव केवल दीवाली की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और महाविद्यालयों से अनुरोध किया कि वे संशोधित तिथियों के अनुसार अपनी तैयारियां सुनिश्चित करें।



डा. अशोक कुमार।

प्रतियोगिताओं की संशोधित तिथि

पुरुष व महिला वर्ग की वुशु प्रतियोगिता 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गवर्नमेंट कॉलेज अटेली में होगी। ताइक्वांडो प्रतियोगिता पुरुष व महिला वर्ग 31 अक्टूबर को दोपहर एक बजे गवर्नमेंट कॉलेज अटेली में होगी तथा अन्य प्रतियोगिताओं में जिम्नास्टिक्स और एथलेटिक्स का कार्यक्रम पूर्ववत रहेगा।

ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव व साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताएं



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

- नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु

पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने वीरवार को अभियान के दौरान गांव सुंदरोज में ग्रामीणों व युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों व साइबर अपराधों को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। युवा देश का भविष्य है, जिन्हे पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी साइबर अपराधों से सतर्क रहे और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा न करें। ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। नशा मुक्ति टीम ने अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें।

समस्याओं का गंभीरता से निपटान करें अधिकारी

- जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी





रेवाड़ी। बैठक में लोगों की शिकयते सुनते मंत्री रणबीर गंगवा व मंत्री के समक्ष अपनी शिकायत रखते हुए फरियादी।

प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं का गंभीरता से पूरी जांच के साथ निपटान करें ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न काटने पड़े। हरियाणा सरकार की ओर से नागरिकों की समस्याओं का जल्दी निवारण कराने के उद्देश्य से ही समाधान शिविर, सीएम विंडो व अन्य पोर्टल चलाए जा रहे है। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा वीरवार को बाल भवन सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। बैठक में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, कोसली के विधायक अनिल यादव, बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, डीसी अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली मौजूद रहे। पिछली बैठक के 4 लंबित मामलों में से दो का मौके पर ही निपटारा कराया गया। वहीं 9 नए परिवादों में 5 परिवादों का निपटारा किया गया। लंबित शिकायतों का आगामी बैठक तक संबंधित अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। परिवेदना समिति की बैठक में ज्यादातर मामले अवैध कब्जे और जमीन से संबंधित थे। मंत्री ने इन मामलों में अधिकारियों को जांच करते हुए निवारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरपर्सन विनीता पीपल, नगर पालिका धारूहेड़ा चेयरमैन अजय जांगड़ा, एडीसी राहुल मोदी, एएसपी दीपिका अग्रवाल, एसडीएम दलबीर सिंह, कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव, भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल व वीर कुमार यादव सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बैठक में 6 परिवाद रखे गए लंबित

मंत्री रणबीर गंगवा ने 13 मामलों में से 7 का निपटान किया और 6 मामले आगामी कार्यवाही पूरी होने तक लंबित रखे गए। मंत्री ने राधा कृष्ण सोसायटी सुठाना के निवासियों को राहत पहुंचाते हुए बिजली निगम के अधिकारियों को उचित अदायगी के साथ बिजली कनेक्शन करने के निर्देश दिए। गांव कलवाड़ी निवासी अमर सिंह जांगड़ा की ओर से सोसायटी में किए गए कार्य की अदायगी न करने की शिकायत पर संबंधित हिस्सेदार को हिस्सेदारी की अदायगी करने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो संबंधित हिस्सेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। मंत्री ने लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्यों को मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 1500/- रु. 2000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कोसली अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया

किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए सरकार प्रतिबद्ध



रेवाड़ी। किसानों और आढ़तियों से बात करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने वीरवार को कोसली अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आढ़ती, किसान और मार्केट कमेटी कार्यालय से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कृषि मंत्री राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मौजूदा सरकार ने जितना रुपया किसानों को बांटा है, उतना पहले कभी नहीं दिया गया। आज हरियाणा प्रदेश का किसान खुशहाल है और उसे घर बैठे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बागवानी की भावांतर भरपाई योजना में मधुमक्खी पालन को भी शामिल कर लिया गया है। कोई प्राकृतिक आपदा आती है तो मधुमक्खी पालक को भी सरकार की ओर से सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

गोदाम बनवाने की मांग रखी

कृषि मंत्री ने कहा कि अनाज मंडी में फसल बेचने वाले किसानों को जल्दी से जल्दी भुगतान की राशि दी जा रही है। आज के दिन हरियाणा की मंडियों में पारदर्शिता से काम किया जा रहा है। कोसली अनाज मंडी के प्रधान अजय सिंगला व अन्य आढ़तियों ने कृषि मंत्री से अनाज मंडी का विस्तार करने, सीवरेज लाइन नई डलवाने और एक गोदाम बनवाने की मांग रखी। मंत्री राणा ने इन मांगों पर उचित कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव, डीएसपी विद्यानंद, मार्केट कमेटी चेयरमैन महेश यादव, वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल, सचिव विकास यादव, मंडी प्रधान अजय सिंगला, संजय यादव, अनिल भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता शुभम अग्रवाल व राजकुमार मौजूद रहे।

नेताजी सुभाष पार्क में एक को होगी पार्ट टाइम कर्मचारियों की मीटिंग

रेवाड़ी। पार्ट टाइम बैंक एम्पलाइज यूनिटी फॉर्म हरियाणा के सलाहकार कामरेड बलराम यादव ने बताया कि बैक के पार्ट टाइम कर्मचारियों की मीटिंग एक नवंबर को अग्रसेन चौक के पास स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में सुबह 11बजे होगी। मीटिंग में पश्चिम बंगाल ऑल इंडिया पार्ट टाइम बैंक एम्पलाइज यूनिटी फॉर्म के सचिव गौरी शंकर संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में पार्ट टाइम कर्मचारियों को रेगुलर करने, समान काम समान वेतन देने, ग्रेजुएटी देने, छुट्टी व मेडिकल सुविधाएं देने की मांग की जाएगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा किसी भी कर्मचारी को हटाया नहीं जाए और न ही बदला जाए, बैंकों में उन्हें पूर्ण सम्मान दिया जाए।